आकाशवाणी शिमला
11.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

अनुराग ठाकुर

वरिष्ठ भाजपा नेता केंद्रीय सूचना व प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने दावा किया है कि लोकसभा के चार और विधानसभा के 6 उपचुनाव में भाजपा की रिकॉर्ड जीत होने जा रही है। अनुराग ठाकुर ने आज हमीरपुर के गांधी चौक पर आयोजित पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा भले ही विधानसभा चुनाव में सरकार नहीं बना पाई लेकिन उसे 15 महीनों में ही राज्य में सरकार बदलने का अवसर मिलने जा रहा है। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से राज्य में चारों और कमल खिला देने का आह्वान किया ओर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल के छोटे से शासनकाल में भारत को दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने कहा कि कहने को तो प्रदेश में सुख की सरकार है लेकिन स्वयं मुख्यमंत्री को भी सुख की अनुभूति नहीं हो रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में पूरे प्रदेश का विकास किया लेकिन मौजूदा कांग्रेस सरकार ने केवल संस्थान बंद करने का ही काम किया है। रैली को भाजपा उम्मीदवार इंद्रदत लखनपाल और राजेंद्र राणा तथा विधायक आशीष शर्मा ने संबोधित किया।

मुकेश अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य बन गया हैं जहां भाजपा का मिशन लोटस पूरी तरह से विफर रहा है। ऊना जिला के हरोली में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता सम्मेलन का संबोधित करते हुए अग्निहोत्री ने भाजपा पर जोरदार राजनीतिक हमले बोले। उन्होंने कहा कि जिन परिस्थितियों में राज्य में चुनाव होने जा रहे हैं वह टेबल टर्न चुनाव है और पूरा माहौल कांग्रेस के पक्ष में आ गया है। अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा को राज्य में चुनी हुई सरकार गिराने के प्रयास के लिए प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने निर्दलीय विधायकों पर भी निशाना साधा और कहा कि ये विधायक राज्य की जनता को बताएं कि वह क्यों अपना पद छोड़ रहे हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि यदि निर्दलीय विधायक त्याग पत्र देकर फिर से चुनाव लड़ना चाहते हैं तो यह जनता के साथ धोखा है।

चुनाव प्रचार

मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत ने कांग्रेस के वंशवादी नेताओं पर उनका बार–बार अपमान करने का आरोप लगाया है। कंगना रणौत ने आज मनाली में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं को चुनौती दी कि यदि उनका कोई गौ मांस खाने का वीडियो उनके पास है तो उसे सार्वजनिक करें। कंगना ने कहा कि उन्होंने फिल्म जगत में अपनी जगह खुद बनाई है जो कांग्रेस को रास नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के उत्थान के लिए बहुत काम किया है इसलिए आज देश की महिलाएं सुरक्षित हैं और नरेंद्र मोदी के साथ हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अतीत की बात है और लोग उसके झांसे में न आएं। कंगना रणौत ने जनता के भरपूर समर्थन और अपनी जीत का दावा भी किया।

शामिल

हमीरपुर नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज मिन्हास, नगर परिषद के पार्षद राजकुमार और भाजपा समर्थित बीडीसी सदस्य मंजीत कुमार आज कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। इन तिनों नेताओं ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि भाजपा से कांग्रेस में आए लोगों को उचित मान–सम्मान मिलेगा। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होंने पार्टी में शामिल हुए नेताओं से सरकार के कार्यों को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। इस बीच युवा कांग्रेस प्रवक्ता निशांत शर्मा ने आज हमीरपुर के गांधी चौक पर आयोजित भाजपा की रैली को फ्लॉप करार दिया है। उन्होंने कहा कि जनता के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा के थोपे हुए प्रत्याशियों को नकार दिया है।

निरीक्षण

सिरमौर के उपायुक्त सुमित खिमटा ने जिले के नारग शिक्षा खंड के तहत आने वाली राजकीय उच्च पाठशाला मलूटी का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने इस दौरान विद्यालय का रिकॉर्ड जांचा और स्कूल में चल रही मिड–डे–मील योजना की जानकारी हासिल की।

आग

शिमला के समरहिल चौक पर आज एक दुकान में गैस सिलेंडर के लीक हो जाने से आग लग गई। इस आग में एक व्यक्ति आंशिक रूप से झुलस गया। ये आग उस समय लगी जब समरहिल स्थित दुर्गा मंदिर में होने वाले लंगर के लिए भोजन तैयार किया जा रहा था। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंच गए और आधे घंटे के भीतर ही आग को काबू कर लिया। इससे समरहिल में एक बड़ा अग्निकांड टल गया।

उपाध्यक्ष

हमीरपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता रोहित शर्मा हिमाचल प्रदेश राज्य बार काउंसिल के उपाध्यक्ष चुने गए हैं। 15 सदस्यीय राज्य बार काउंसिल प्रदेश में नए अधिवक्ताओं को लाइसेंस और विधि संस्थानों को संबद्धता प्रदान करती है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के अधिवक्ता लवनीश कंवर स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष बनाए गए हैं।

————————————————————